# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

# कार्यपरिषद

## की नवम् बैठक

## दिनांक 31-03-2013 के कार्यवृत्त

# बस्तर विश्वविद्यालय,
जगदलपुर, (धरमपुरा) जिला–बस्तर (छ.ग.) 494005
दूरभाष–07782–229030 फैक्स 229037

क्रमांक / / ब.वि.वि. / 2012–13 जगदलपुर दिनॉक /03/2013

प्रति,

समस्त सम्मानीय सदस्य
कार्य परिषद
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
जिला बस्तर (छ.ग.)

विषयः– दिनांक 31/03/2013 को आयोजित कार्य परिषद की बैठक के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 31/03/2013 को कार्य परिषद की महत्वपूर्ण बैठक सायं 3.00 बजे विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित की गई है। सभी सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। एजेण्डा संलग्न है।

आदेशानुसार

-sd-
कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर

क्रमांक /4384/ ब.वि.वि. / 2012–13 जगदलपुर दिनॉक 22/03/2013

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन रायपुर (छ.ग.)
2. ———————— सम्मानीय सदस्य विश्वविद्यालय कार्य परिषद।
3. कुलपति के निज सहायक, माननीय कुलपति को सूचनार्थ।
4. सचिव, उच्च शिक्षा SO-18 नवीन मंत्रालय भवन, रायपुर (छ.ग.)
5. आयुक्त उच्च शिक्षा विज्ञान महाविद्यालय परिसर रायपुर (छ.ग.)

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर

N. KINDO

# एजेण्डा

**विषय सूचीः–**

1. बजट 2013–14 का अनुमोदन।
2. बस्तर विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक पदों के विज्ञापन जारी किये जाने विषयक।
3. वार्षिक परीक्षा 2012–13 हेतु उड़नदस्ता दल गठित किये जाने विषयक्।
4. सहायक कुलसचिव वित्त द्वारा त्याग पत्र दिये जाने विषयक्।
5. पी.एच.डी. कार्यक्रम शुरू करने की अनुमति विषयक्।
6. अन्तराष्ट्रीय व्याख्यान माला के आयोजित किये जाने विषयक्।
7. मान. अध्यक्ष महोदय के अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा।

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA JAGDALPUR
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494005
Phone 07782-229037, Fax 07782-229226, www.bvvjdp.ac.in

## मान. अध्यक्ष की अनुमति से कार्यपरिषद की नवम बैठक हेतु अन्य विषय

विषय क्र. ..... :– **विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह के टेन्ट सामग्री का किराया भुगतान करने के संबंध में।**

विभागीय टीप– बस्तर विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह हेतु टेण्ट आदि की व्यवस्था हेतु कार्य परिषद की अष्ठम बैठक दिनांक 21.01.2013 को विषय क्र. 08 में पारित निर्णयानुसार पण्डाल व्यवस्था हेतु नियमानुसार टेण्डर द्वारा आमंत्रित किये गये थे, जिसमें मे0 ठाकुर टेण्ट एण्ड डेकोरेटर्स, जगदलपुर के द्वारा प्रस्तुत दर न्यूनतम रहा, जिसका अनुसंशा वि.वि. क्रय समिति द्वारा की गयी। दीक्षांत समारोह के आयोजन हेतु दिनांक 16.02.2013 से 17.02.2013 तक ठाकुर टेण्ट एण्ड डेकोरेटर्स, जगदलपुर द्वारा पण्डाल एवं अन्य सामग्री उपलब्ध करायी गयी थी, जिसका देयक 4,30,932/– रूपये का भुगतान हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त देयक में नियमानुसार 2 प्रतिशत टी.डी.एस. 8619/– की कटौति उपरांत राशि रूपये 4,22,313/– भुगतान हेतु प्रकरण अनुमोदनार्थ सादर प्रस्तुत है।

निर्णय:–

विषय क्र. ........:– **03 नये पाठ्यक्रम हेतु कम्प्यूटर D.G.S.&D दर पर क्रय उपरांत देयक भुगतान के संबंध में।**

विभागीय टीप– बस्तर विश्वविद्यालय हेतु 03 नये पाठ्यक्रम (समाजकार्य, कम्प्यूटर अध्ययनशाला, एम.एस.सी. बायोटेक्नालॉजी) के लिये स्थापना मद में राशि रूपये 200 लाख विमुक्त किया गया है। जिसमें कि विभिन्न उपकरण, फर्नीचर, पुस्तकें आदि क्रय किया जाना है। शैक्षणिक सत्र 2013–14 में एम.सी.ए. अध्ययनशाला प्रारंभ करने हेतु 30 नग एच.सी.एल. कम्प्यूटर **D.G.S.&D** दर पर नियमानुसार अधीकृत विक्रेता से क्रय किये जाने हेतु पूर्व कुलपति द्वारा अनुमोदित की गई है, सामग्री विश्वविद्यालय को प्राप्त हो चुकी है। प्राप्त देयक में नियमानुसार वैट टैक्स 43,319/– टी.डी.एस. 17,328/– की कटौति उपरांत राशि रूपये 8,05,736/– भुगतान हेतु प्रकरण अनुमोदनार्थ सादर प्रस्तुत है।

निर्णय:–

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA JAGDALPUR
[ A State University ]
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494005
Phone 07782-229037, Fax 07782-229226, www.bvvjdp.ac.in

क्र. 4394/ब.वि.वि. / 2013 जगदलपुर, दिनांक 09/04/2013

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर छत्तीसगढ़ के कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 31.03.2013 के कार्यवृत्त :–

**बैठक में निम्नलिखित सम्मा. सदस्य उपस्थित रहे:–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | प्रोफेसर एन.डी.आर. चन्द्र | – | अध्यक्ष |
| 02. | मान. कवासी लखमा, विधायक | – | सदस्य |
| 03. | डॉ. डी.एन. मेहर, | – | सदस्य |
| 04. | डॉ. व्ही. विजयलक्ष्मी, | – | सदस्य |
| 05. | फादर टी.जे. पॉल | – | सदस्य |
| 06. | प्रोफेसर एस.के. श्रीवास्तव | – | सदस्य |
| 07. | श्री अब्दुल नसीर खान | – | सदस्य |
| 08 | प्रोफेसर सिद्धार्थ चौधरी, कुलसचिव | – | सचिव |

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.) के कार्यपरिषद की नवम बैठक दिनांक 31.03.2013 को संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया:–

**विषय क्र. 01** वित्तीय वर्ष 2013–14 हेतु बजट का अनुमोदन।

**विभागीय टीप–** विश्वविद्यालय का यह बजट वित्तीय समिति द्वारा दिनांक 23.03.2013 को पारित किया गया है। अतः बजट अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णयः–** प्रस्तुत बजट 2013–14 सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**विषय क्र. 02** विभिन्न शैक्षणिक पदों के विज्ञापन जारी किये जाने विषयक।

**विभागीय टीप–** बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में स्वीकृत विभिन्न शैक्षणिक पदों में भर्ती हेतु नियमानुसार विज्ञापन जारी करने संबंधी विषय प्रस्तुत है। उपरोक्तानुसार जानकारी सूचनार्थ मान. कार्यपरिषद में रखा गया है।

**निर्णयः–** उक्त सूचना माननीय सदस्यों द्वारा ग्रहण किया गया तथा सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया कि राज्य शासन के आरक्षण नियमों का पालन करते हुए विज्ञापन जारी करने की कार्यवाही की जावे।

विषय क्र. 03 वार्षिक परीक्षा 2012–13 हेतु उडनदस्ता दल गठित किये जाने विषयक।

विभागीय टीप– विश्वविद्यालयीन मुख्य परीक्षा 2012–13 के स्वच्छ एवं पारदर्शितापूर्ण तरीके से संचालन हेतु विभिन्न उड़न दस्ते का गठन किया गया है, ताकि परीक्षा में नकल प्रकरणों पर रोक या अंकुश लगाया जा सके। उक्त विषय माननीय सदस्यों के समक्ष सूचनार्थ रखी गयी है। कृपया सूचना ग्रहण करना चाहें।

निर्णयः– **उक्त सूचना माननीय सदस्यों द्वारा ग्रहण किया गया।**

**विषय क्र. 04** सहायक कुलसचिव, वित्त द्वारा त्याग पत्र दिये जाने विषयक।

**विभागीय टीप–** विश्वविद्यालयीन में पदस्थ श्री आर.एस. भण्डारी, सहायक कुलसचिव, वित्त (संविदा) द्वारा अपने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं आगे नहीं दे पाने का उल्लेख करते हुए उक्त पद से त्याग पत्र दिया है। श्री भण्डारी द्वारा एक माह का वेतन इस कार्यालय में जमा कर दिया गया है। उक्त विषय माननीय सदस्यों के समक्ष सूचनार्थ रखी गयी है। कृपया सूचना ग्रहण करना चाहें।

**निर्णयः–** **उक्त सूचना माननीय सदस्यों द्वारा ग्रहण किया गया।**

**विषय क्र. 05** बस्तर विश्वविद्यालय में पी.एच.डी. कार्यक्रम की अनुमति विषयक।

विभागीय टीप– बस्तर विश्वविद्यालय प्रथम बार पी.एच–डी. कार्यक्रम प्रारंभ कराने के लिये गंभीर है। कुल 08 विषयों का चुनाव किया गया है जिसमें विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में संचालित दो विभागों जिनमें नियमित प्राध्यापक है – वानिकी एवं वन्य जीव मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला, तथा 06 अन्य **विषय – राजनीति विज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, ~~वाणिज्य~~** अर्थशास्त्र जो कि विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित है, जिनमें अधिक संध्या में शोध निर्देशक/गाईड उपलब्ध हैं। यू.जी.सी. नॉर्म्स के अनुसार नियमों का पालन किया जायेगा तथा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जावेगी तथा नियमानुसार आरक्षण भी प्रदान किये जायेंगे।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से मान्य किया गया।

विषय क्र. 06 राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यान माला के आयोजन के संबंध में।

विभागीय टीप– बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष से राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यान माला का आयोजन प्रारंभ किया गया है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन किया जाना प्रस्तावित है ताकि यहां के छात्रों को इसका लाभ मिल सके। इस हेतु उक्त मद में राशि रूपये 10.00 लाख का प्रावधान किया जाना प्रस्तावित है। हमारा यह प्रयाश रहेगा कि व्याख्यान माला के आयोजन में आमंत्रित अतिथियों के लिये मितव्ययता पूर्वक उनके आवागमन एवं अन्य व्यवस्था पर खर्च किये जायेगे। अतः प्रकरण विचारार्थ, अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव तथा प्रावधानित राशि को माननीय सदस्यों द्वारा मान्य करते हुए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

# माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय

**विषय क्र. 07** पी.जी.डी.सी.ए. कोर्स के लिये न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 20 प्रतिशत से 33 प्रतिशत करने पर विचार बाबत्।

विभागीय टीप– बस्तर विश्वविद्यालय में पी.जी.डी.सी.ए. एवं डी.सी.ए. कोर्स संचालित है। पी.जी.डी.सी.ए. अंक योजना के अंतर्गत न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 20 प्रतिशत निर्धारित है जबकि डी.सी.ए. पाठ्यक्रम के लिये न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 33 प्रतिशत है। प्रायः सभी पाठ्यक्रम में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 33 प्रतिशत रहता है। अतः यह उचित होगा कि पी.जी.डी.सी.ए. कोर्स में भी अगामी सत्र 2013–14 से न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 33 प्रतिशत निर्धारित किया जावे।

निर्णयः– **उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से मान्य किया एवं प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।**

**विषय क्र. 08** बी.बी.ए. पाठ्यक्रम में सकल योग अंक 48 प्रतिशत से 45 प्रतिशत करने बाबत्।

विभागीय टीप– बी.बी.ए. पाठ्यक्रम के अंतर्गत वर्तमान में विषय न्यूनतम अंक 36 प्रतिशत एवं सकल 48 प्रतिशत निर्धारित है जो पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से लिया गया था, सत्र 2012 से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा 48 प्रतिशत से 45 प्रतिशत किया गया है। अतः बस्तर विश्वविद्यालय में भी बी.बी.ए. कोर्स के लिये 45 प्रतिशत किया जाना प्रस्तावित है।

निर्णयः– **उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से मान्य करते हुए अनुमोदन किया गया।**

विषय क्र. 09 :– **विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह के टेन्ट सामग्री का किराया भुगतान करने के संबंध में।**

विभागीय टीप– बस्तर विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह हेतु टेण्ट आदि की व्यवस्था हेतु कार्यपरिषद की अष्ठम बैठक दिनांक 21.01.2013 को विषय क्र. 08 में पारित निर्णयानुसार पण्डाल व्यवस्था हेतु नियमानुसार टेण्डर द्वारा आमंत्रित किये गये थे, जिसमें मे0 ठाकुर टेण्ट एण्ड डेकोरेटर्स, जगदलपुर के द्वारा प्रस्तुत दर न्यूनतम रहा, जिसका अनुसंशा वि.वि. क्रय समिति द्वारा की गयी। दीक्षांत समारोह के आयोजन हेतु दिनांक 16.02.2013 से 17.02.2013 तक ठाकुर टेण्ट एण्ड डेकोरेटर्स, जगदलपुर द्वारा पण्डाल एवं अन्य सामग्री उपलब्ध करायी गयी थी, जिसका देयक 4,30,932/– रूपये का भुगतान हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त देयक में नियमानुसार 2 प्रतिशत टी.डी.एस. 8619/– की कटौति उपरांत राशि रूपये 4,22,313/– भुगतान हेतु प्रकरण अनुमोदनार्थ सादर प्रस्तुत है।

निर्णयः– माननीय सदस्यों द्वारा नियमानुसार भुगतान किये जाने की अनुसंशा सर्वसम्मति की गई।

विषय क्र. 10 :— 03 नये पाठ्यक्रम हेतु कम्प्यूटर **D.G.S.&D** दर पर क्रय उपरांत देयक भुगतान के संबंध में।

विभागीय टीप— बस्तर विश्वविद्यालय हेतु 03 नये पाठ्यक्रम (समाजकार्य, कम्प्यूटर अध्ययनशाला, एम.एस.सी. बायोटेक्नालॉजी) के लिये स्थापना मद में राशि रूपये 200 लाख विमुक्त किया गया है। जिसमें कि विभिन्न उपकरण, फर्नीचर, पुस्तकें आदि क्रय किया जाना है। शैक्षणिक सत्र 2013—14 में एम.सी.ए. अध्ययनशाला प्रारंभ करने हेतु 30 नग एच.सी.एल. कम्प्यूटर **D.G.S.&D** दर पर नियमानुसार अधीकृत विक्रेता से क्रय किये जाने हेतु पूर्व कुलपति द्वारा अनुमोदित की गई है, सामग्री विश्वविद्यालय को प्राप्त हो चुकी है। प्राप्त देयक में नियमानुसार वैट टैक्स 43,319/— टी.डी.एस. 17,328/— की कटौति उपरांत राशि रूपये 8,05,736/— भुगतान हेतु प्रकरण अनुमोदनार्थ सादर प्रस्तुत है।

निर्णयः— **माननीय सदस्यों द्वारा नियमानुसार भुगतान किये जाने की अनुसंशा सर्वसम्मति की गई।**

विषय क्र. 11 Requirement of up-gradation of classroom through facilities like e-class, e-learning and video conferencing for improvement in teaching and quality education (Annexure-III)

विभागीय टीप— विश्वविद्यालयीन अध्ययनशालाओं को वर्तमान परिवेश के अनुसार अत्याधुनिकीकरण किये जाने के लिये क्लास रूम को अपग्रेडेशन किया जाना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत ई—क्लास रूम, ई—लर्निंग, विडियो कान्फ्रेन्सिंग आदि के द्वारा अध्यापन कार्य किया जावेगा। इस हेतु सेटेलाईट कनेक्टीविटि की आवश्यकता होगी, जिसके लिये व्ही.सेट मोडेम लगवाया जाना होगा। उक्त कार्य के कराये जाने में लगभग 40.00 लाख रूपये व्यय होना संभावित है। अतः प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः— **उक्त प्रस्ताव तथा प्रावधानित राशि को माननीय सदस्यों द्वारा मान्य करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।**

विषय क्र. 12 आगामी 05 वर्षों के विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का अनुमोदन।

विभागीय टीप— बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर में अगामी 05 वर्षों हेतु विभिन्न विषयों को प्रारंभ करने की योजना है, जो कि रोगारोन्नमुखी तथा समसामयिकता को ध्यान में रखते हुए विश्व के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर विषयों का चुनाव किया गया है। इन विषयों को प्रारंभ करने से बस्तर संभाग के छात्र/छात्राओं को बेहतर शिक्षा की सुविधा प्राप्त होगी। इसके साथ ही बस्तर ट्रायबल म्यूजियम, इंटरनेशनल गेस्ट हाउस आदि के विभिन्न प्रस्ताव भी प्रस्तुत है जिनका क्रियान्वयन अगामी 05 वर्षों में किया जाना है, विवरण निम्नानुसार हैः—

| Proposed New Courses | | | |
|---|---|---|---|
| **A Faculty of Arts** | | **C. Faculty of Social Science** | |
| 1 | English Literature and Cultural Studies | 1 | Library & Information Science (B.Lib./M.Lib) |
| 2 | Comparative Literature, Literary Arts & Animation | 2 | Psychology and Human Behaviour |
| 3 | Linguistics, Language Education and ELT | 3 | Pol. Sc. And International Studies |
| 4 | Department of Music, Dance and Drama, (Folkloristic Studies) | 4 | Economics and Development studies |
| 5 | Mass Communication and Media Studies (Public Relation and Advertising) | 5 | Public Administration and Institutional Studies |
| 6 | Hindi, Foreign Languages, Translation Studies | 6 | History and Culture studies |
| **B. Faculty of Science & Technology** | | **D. Faculty of Law** | |
| 1 | M.Sc. Environmental Science | 1 | Integrated Five year law course (BA LL.B./B.Com LL.B./B.Sc. LL.B. & LL.M.) |
| 2 | Bachelor of Pharmacy & Master of Pharmacy | **E. Faculty of Management** | |
| 3 | B.Sc. Nursing & M.Sc. Nursing | 1 | Master of Business Administration |
| 4 | Computational Biology and Bioinformatics (Bio-medical Sc.) | 2 | Peace & Conflict Management |
| 5 | B. Arch | 3 | Disaster Management |
| 6 | Genetic Engineering | 4 | Tourism and Hotel Management |
| 7 | Criminology and Forensic Science | 5 | Hospital Management |

**E. Institutes/Research Centres / Museums etc.**

i. Regional Institute for Research in Humanities and Social Sciences( Under the Proposed Council for Humanities and Social Sciences)
ii. Institute for Teachers' Training (B.Ed., M.Ed., Educational Management Educational Administration, etc. B. P.Ed. M.PEd.)
iii. Institute of Higher Education, Religion and Spirituality (in the pattern of Ram Krishna Misson Institute of Culture ) Special Education, Counseling and Guiding and Science Education
iv. Academic Staff College
v. Bastar Tribal Museum
vi. Regional Forestry, Biodiversity and Medicinal Plants Research Centre
vii. Language Lab and Bhasha Centre
viii. Laboratory for Food Processing and Value Addition
ix. Laboratory for Sericulture and Lac Culture
x. Laboratory for GIS and Remote Sensing
xi. Laboratory for Bio Fertilizer and VermiCulture
xii. Centre for Non-conventional Energy and Sustainable Development
xiii. Centre for Naturopathy, Sanatorium and Yoga
xiv. Centre for Human Rights Education
xv. Media Centre & EMRC
xvi. Centre for Career Oriented Courses
xvii. Centre for Women's Studies
xviii. Scheme for Epoch Making Social Thinkers of India
xix. Study of Social Exclusion and Inclusive Policy
xx. Central Library including UGC INFONET Digital Library Consortium
xxi. Publication Cell
xxii. Coaching Centre (UPSC, NET etc. Exams for SC /ST
xxiii. Competitive Exam placement cell and Information Centre

**F. Research & Extension Activities in University and Colleges**

i. 250 Ph.D. Scholars are Likely to be registered in next 5 years.
ii. 150 Research Projects (20 Major and 80 Minor Projects are likely to be conducted)
iii. 10 Journals in Different Subjects will be published (i.e. 100 Volumes/issues will appear)
iv. 500 Original Research Papers are likely to be published in next 5 years.
v. 100 Books, Monographs and Proceedings.
vi. 100 Seminars/Conferences/ Workshops/ Symposia/ Refresher/Orientation/Short Term Training Courses will be conducted.

**G. Infrastructure**

i. Co-operative Store (Sale and Purchase Centre for Tribal, Ethnic and Forest Products)
ii. University Hotel/s for National and International Visitors)
iii. Residential complex/Hostels for 3000 Students
iv. Teachers' Quarters- 200
v. Teachers' Hostel- 50 Rooms
vi. Staff Quarters- 200
vii. International Guest House-20 Rooms
viii. Guest House- 80 Rooms
ix. Health Centre and Research
x. Sports Complex ( including Gymnasium)
xi. Auditorium (Hi Tech)
xii. Community Hall
xiii. Conference Hall
xiv. Central Valuation Hall
xv. Workshop Hall/ Livelihood School for Artisans, Handicrafts, Bell Metal Arts, Bamboo Crafts. (Skill Development Centre/ Village Knowledge Development Centre)
xvi. Canteen, Cafeteria and Food Court
xvii. Garage and Vehicle Stand (Parking Complex)
xviii. Botanical Garden/ Herbal Garden (Floriculture)

निर्णयः— उपरोक्त प्रस्ताव तथा समय—समय पर अन्य कार्यों का माननीय सदस्यों द्वारा स्वागत करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।

विषय क्र. 13 श्री लाला जगदलपुरी, साहित्यकार को डी.लिट की मानद उपाधि प्रदान करने के संबंध में।

विभागीय टीप— राज्यपाल के अवर सचिव, राजभवन रायपुर का पत्र क्रमांक एफ14—5/2013/रास/यू—/1423, रायपुर, दिनांक 05.03.2013 एवं श्री हरहर वैष्णव द्वारा प्रेषित आवेदन, में श्री लाला जगदलपुरी को विश्वविद्यालय के अगामी दीक्षांत समारोह में डी.लिट की मानद उपाधि से सम्मानित करने के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्राप्त हुआ है। श्री लाला जगदलपुरी बस्तर के प्रख्यात एवं ख्याति प्राप्त साहित्यकार हैं तथा अनेकों साहित्यिक रचनाएं उनके द्वारा लिखी गयी हैं। अतः श्री लाला जगदलपुरी को डी.लिट की मानद उपाधि से सम्मानित करने के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णयः— उक्त प्रस्ताव को माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया।

विषय क्र. 14 विश्वविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु फर्निचर एवं विभिन्न सामग्री क्रय करने के संबंध में।

विभागीय टीप– विश्वविद्यालयीन ग्रंथालय के आधुनिकीकरण तथा विस्तार के लिये विभिन्न फर्निचर तथा अन्य सामग्रियों जैसे Pigeon hole, Journal Display Rack, Almirah, File Cabinet, A.C. इत्यादि शामिल है, जिसमें लगभग 30 लाख व्यय होना संभावित है। अतः प्रकरण विचारार्थ सादर प्रस्तुत है।

निर्णयः– **उक्त प्रस्ताव तथा प्रावधानित राशि को माननीय सदस्यों द्वारा मान्य करते हुए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।**

विषय क्र. 15 बस्तर विश्वविद्यालय के "लोगो" के संबंध में।

विभागीय टीप– बस्तर विश्वविद्यालय के लोगो में दो स्लोगन "**उतिष्ठत जाग्रत प्राप्यवरान् निवोधत**" तथा "**Preserve Human Values**" अंकित है। प्रायः सभी विश्वविद्यालयों के लोगो में एक ही स्लोगन होता है, अतः बस्तर विश्वविद्यालय के लोगों में नियमानुसार संशोधन किया जाकर एक स्लोगन विलोपित किया जाना प्रस्तावित है। अतः प्रकरण विचारार्थ सादर प्रस्तुत है।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव को माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से मान्य किया गया।

विषय क्र. 16 सांस्कृतिक कैलेण्डर तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उपयोगार्थ विभिन्न सामग्रियों के क्रय के संबंध में।

विभागीय टीप– प्रतिवर्ष विभिन्न राष्ट्रीय पर्व, विशिष्ट दिवसों तथा गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस आदि में कार्यक्रम आयोजन हेतु सांस्कृतिक कैलेण्डर तैयार किया गया है तथा विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वर्कशॉप, सेमीनार, दीक्षांत समारोह आदि के लिये कुछ सामग्रियों की आवश्यकता हमेशा होती है, जिसे स्थायी तौर पर विश्वविद्यालय में क्रय किया जाना प्रस्तावित है ताकि समय पर उक्त सामग्रियों की उपलब्धता रहे। उक्त साग्रियों को क्रय किये जाने हेतु लगभग राशि रूपये 5.00 लाख व्यय होना संभावित है। अतः प्रकरण विचारार्थ, अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव तथा प्रावधानित राशि को माननीय सदस्यों द्वारा मान्य करते हुए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।

विषय क्र. 17 **Journal** तथा **News Letter** विश्वविद्यालय से प्रकाशन कराये जाने बाबत्।

विभागीय टीप– बस्तर विश्वविद्यालय इस वर्ष से **Journal of Social Science, Sciences Journal** तथा **News Letter** प्रकाशित करने जा रहा है, एक वर्ष में दो अंक प्रकाशित होंगे। प्रति छःमाही में एक–एक अंकों का प्रकाशन किया जावेगा, न्यूज लेटर में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, विशिष्ट कार्यों, उपलब्धियों का विवरण होगा। इस कार्य के लिये विश्वविद्यालय के कुलपति, **Chief Editor** तथा डॉ. शरद नेमा एवं डॉ. एस. कोले, सदस्य रहेंगे। उक्त प्रकाशन हेतु **Journal of Social Science** में **60,000/-** एवं **Journal of Sciences** में **60,000/-** तथा न्यूज लेटर प्रति छमाही राशि रूपये 40,000/– व्यय होना संभावित है। अतः प्रकरण विचारार्थ, अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव तथा प्रावधानित राशि को माननीय सदस्यों द्वारा मान्य करते हुए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।

विषय क्र. 18 मान. कुलपति के निजसहायक/स्टेनो को मोबाईल भत्ता प्रदान करने के संबंध में।

विभागीय टीप– मान. कुलपति के निजसहायक/स्टेनो द्वारा आवेदनानुसार राशि रूपये 500/– प्रतिमाह मोबाईल भत्ता की मांग की गई है। मान. कुलपति के निर्देशानुसार व्यक्ति विशेष से तत्काल संपर्क हेतु कार्यालयीन समयावधि में तथा पश्चात भी, अवकाश के दिनों में कार्यालय से बाहर रहने की स्थिति में स्वयं के दूरभाष का उपयोग करना होता है। अतः प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव के संबंध में माननीय सदस्यों द्वारा संबंधित को राशि रूपये 500/– प्रतिमाह मोबाईल भत्ता दिये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

विषय क्र. 19 वानिकी एवं वन्य जीव अध्ययन शाला हेतु एक मिनी बस क्रय करने के संबंध में।

विभागीय टीप– विश्वविद्यालयीन अध्ययनशाला के विद्यार्थियों को समय–समय पर विभिन्न प्रायोगिक कार्यों, फील्ड वर्क हेतु विश्वविद्यालय से बाहर यात्रा करना होता है, अतः विश्वविद्यालय अध्ययनशाला हेतु एक मिनी बस क्रय किया जाना प्रस्तावित है, मान. सदस्य कृपया निर्णय लेना चाहें।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव के संबंध में माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया विश्वविद्यालय 12बी. में शामिल होने के उपरांत मिनी बस की मांग भविष्य में यू.जी.सी. से करे तथा वर्तमान में आवश्यकतानुसार समय–समय पर किराये से वाहन लेकर नियमानुसार कार्य करें।

विषय क्र. 20 श्री आनन्द दास, अतिथि व्याख्याता का वेतन भुगतान के संबंध में।

विभागीय टीप– श्री आनन्द कुमार दास, द्वारा अतिथि व्याख्याता के रूप में नवम्बर व दिसम्बर 2010 में सेमेस्टर प्रथम व तृतीय की कक्षाएं ली गई थी, जिसके आधार पर शासन के नियमानुसार भुगतान की पात्रता है, किन्तु किसी कारणवश इनको वेतन का भुगतान नहीं हो सका था, संबंधित के द्वारा वेतन भुगतान हेतु आवेदन किया गया है। अतः नियमानुसार संबंधित को वेतन भुगतान किये जाने हेतु प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव के संबंध में माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संबंधित को शासन के नियमानुसार वेतन का भुगतान किया जावे।

विषय क्र. 21 वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला हेतु प्रयोगशाला उपकरण क्रय करने के संबंध में।

विभागीय टीप– विश्वविद्यालय के वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला हेतु विभिन्न प्रयोगशाला उपकरण क्रय किया जाना प्रस्तावित है, चूंकि वानिकी एवं वन्य जीव अध्ययनशाला के अधिकांश फिल्ड वर्क एवं प्रायोगिक कार्य पूरी तरह से प्रैक्टिकल बेस होते हैं। अतः विभिन्न प्रयोगशाला उपकरण क्रय हेतु राशि रूपये 15 लाख प्रावधानित किया जाना प्रस्तावित है। प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव तथा प्रावधानित राशि माननीय सदस्यों द्वारा मान्य करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

विषय क्र. 22 वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला हेतु 10 कम्प्यूटर टेबल तथा 10 रिवाल्विंग चेयर क्रय किये जाने के संबंध में।

विभागीय टीप– विश्वविद्यालय के वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला कम्प्यूटर लैब में पूर्व से उपलब्ध 10 कम्प्यूटरों हेतु 10 कम्प्यूटर टेबल तथा 10 रिवाल्विंग चेयर क्रय किया जाना प्रस्तावित है। प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णयः– उक्त संबंध में माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।

विषय क्र. 23 वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला हेतु 08 स्टॉफ टेबल, 08 चेयर तथा 25 गेस्ट चेयर क्रय किये जाने के संबंध में।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों द्वारा अमान्य किया गया।

विषय क्र. 24 वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला के प्रयोगशाला हेतु प्लेटफॉम, बेसिन तथा नल आदि के व्यवस्था के साथ निर्माण बाबत्।

विभागीय टीप– विश्वविद्यालय के वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला के प्रयोगशाला हेतु प्लेटफॉम, बेसिन तथा नल आदि के व्यवस्था के साथ निर्माण किया जाना प्रस्तावित है ताकि प्रायोगिक कार्यों में सुविधा हो सके। प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णयः– उक्त संबंध में माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त कार्य हेतु पी.डब्ल्यू.डी. अथवा हाउसिंग बोर्ड से विस्तृत प्राक्कलन तैयार करने उपरांत पुनः विचारार्थ इसे कार्यपरिषद में रखा जावे।

विषय क्र. 25 वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला में दो दिवसीय नेशनल सेमीनार के आयोजन के संबंध में।

विभागीय टीप– वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला में विभिन्न विषयों में दो दिवसीय राज्य/राष्ट्रीय स्तरीय सेमीनार का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। प्रत्येक राष्ट्रीय सेमीनार के आयोजन में लगभग राशि रूपये 2.00 लाख व्यय होना संभावित है। प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव के संबंध में माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जो भी सेमीनार आयोजन किया जाये वह कम से कम राष्ट्रीय स्तर के हों तथा केवल दो विषयों का ही चुनाव करें जो कम से कम राशि के हों। जो भी कार्यक्रम आयोजित किये जायें उसकी प्रोसीडिंग प्रकाशित किये जाये। प्रत्येक राष्ट्रीय स्तर के वर्कशॉप अथवा सेमीनार हेतु राशि रूपये 2.00 लाख प्रावधानित किया जावे एवं अन्य अतिरिक्त राशि अन्य संस्थाओं से प्राप्त की जावे। सर्वसम्मति से पारित।

विषय क्र. 26 Proposal for Development of Vishwavidyalaya Campus under the Mission Green Campus-Clean Campus.

विभागीय टीप– बस्तर विश्वविद्यालय परिसर को हरा–भरा तथा स्वच्छ कैम्पस के रूप में विकसित करने हेतु वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला द्वारा Green Campus-Clean Campus प्रस्ताव तैयार किया गया है जिसमें लगभग राशि रूपये 3,40,100/– व्यय होना संभावित है। प्रस्ताव विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव एवं प्रावधानित प्राक्कलन राशि को माननीय सदस्यों द्वारा मान्य कर प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।

विषय क्र. 27 500/– प्रतिमाह चिकित्सा भत्ता प्रदान करने के संबंध में।

विभागीय टीप– बस्तर विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को वर्तमान में 350/– रूपये चिकित्सा भत्ता (Fixed) प्रदाय किया जा रहा है जबकि पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में वर्ष 2010 से राशि रूपये 500/– चिकित्सा भत्ता प्रदाय किया जा रहा है। अतः बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर में भी चिकित्सा भत्ता रूपये 500/– प्रदाय हेतु प्रकरण विचारार्थ, अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– **उक्त प्रस्ताव को मान. सदस्यों द्वारा मान्य करते हुए चिकित्सा भत्ता राशि रूपये 500/– करने का सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया तथा जिन अधिकारियों/कर्मचारियों ने रियेम्बर्स विकल्प का चुनाव किया है, वे भी आवेदन कर अपना विकल्प परिवर्तित कर सकते हैं।**

विषय क्र. 28 **श्री के.आर.एस. वर्कड़े, सहा. अभियंता को उनके पैतृक विभाग वापस भेजने के संबंध में।**

विभागीय टीप– श्री के.आर.एस. वर्कड़े, सहा. अभियंता, की पदस्थापना प्रतिनियुक्ति में बस्तर विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालयीन अभियंता के रूप में की गई है, श्री वर्कड़े के आवेदनानुसार पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए पैतृक विभाग वापस भेजने का निवेदन किया गया है। अतः प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव के संबंध में माननीय सदस्यों द्वारा संबंधित को पैतृक विभाग मूलतः वापस करने के संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया।

विषय क्र. 29 ग्रामीण प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला को प्रयोगशाला उपकरणों एवं कार्यालयीन सामाग्री की उपलब्धता तथा बेल मेटल आर्ट कार्यशाला आयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।

विभागीय टीप– ग्रामीण प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला को प्रयोगशाला उपकरणों एवं रेशम पालन हेतु प्रयोगशाला उपकरणों, कार्यालयीन फर्निचर आदि पर लगभग 12,98,425 रूपये व्यय होना संभावित है तथा बेल मेटल आर्ट के कार्यशाला के आयोजन पर लगभग राशि रूपये 37100/– व्यय होने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्तानुसार प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव के संबंध में माननीय सदस्यों द्वारा अध्ययनशाला को प्रयोगशाला उपकरणों एवं कार्यालयीन सामग्री हेतु राशि रूपये 10.00 लाख तथा बेल मेटल आर्ट पर कार्यशाला हेतु राशि रूपये 37,100/– प्रावधानित करते हुए प्रस्ताव सर्वसम्मति पारित किया।

विषय क्र. 30 मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला हेतु प्रतिवर्ष राशि रूपये 5000/– आंचलिक ग्रामीण इलाकों से आदिवासी कला एवं संस्कृति से संबंधित वस्तुओं के संग्रह हेतु क्रय बाबत्।

विभागीय टीप– मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला हेतु प्रतिवर्ष राशि रूपये 5000/– आंचलिक ग्रामीण इलाकों से आदिवासी कला एवं संस्कृति से संबंधित वस्तुओं के संग्रह कर विश्वविद्यालय के संग्रहालय में रखने हेतु प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है। अतः प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव के संबंध में माननीय सदस्यों द्वारा राशि रूपये 5000/– इस वर्ष (2013) तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त राशि भविष्य में उक्त प्रयोजनार्थ हेतु सर्वसम्मति से पारित किया।

विषय क्र. 31 विद्यापरिषद के स्थानीय सदस्यों के मानदेय के संबंध में।

विभागीय टीप– यह सुझाव दिया गया कि मान. विद्यापरिषद के स्थानीय सदस्यों को मानदेय के रूप में 100/– रूपये दिये जाते हैं जो कि अत्यंत कम है, अतः इसके स्थान पर राशि रूपये 300/– दिया जाना उचित होगा।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया।

विषय क्र. 32 डॉ. एम.के. राहा, पूर्व संयुक्त संचालक, एन्थ्रोपोलॉजीकल सर्वे ऑफ इण्डिया के द्वारा पुस्तकें दान किये जाने के संबंध में।

विभागीय टीप– डॉ. एम.के. राहा, पूर्व संयुक्त संचालक, एन्थ्रोपोलॉजी सर्वे ऑफ इण्डिया के द्वारा विभिन्न पुस्तकें एवं जनरल्स विश्वविद्यालय ग्रंथालय को दान स्वरूप दिया जा रहा है, जिसको विश्वविद्यालय तक लाने हेतु पैकेजिंग एवं ट्रांसपोर्ट व्यय के रूप में लगभग राशि रूपये 5000/– व्यय होना संभावित है। अतः राशि रूपये 5000/– स्वीकृत किये जाने हेतु प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति उक्त प्रयोजनार्थ पैकेजिंग एवं ट्रान्सपोर्ट पर आने वाले वास्तविक खर्च को विश्वविद्यालय वहन करेगी।

विषय क्र. 33 बस्तर विश्वविद्यालय में म्यूजीयम एवं एम्पोरियम के स्थापना के प्रस्ताव।

निर्णयः— उक्त प्रस्ताव को माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया तथा इस प्रस्ताव को शासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

पृ.क्र. .........../ब.वि.वि./2013 जगदलपुर दिनांक, ...../..../2013

प्रतिलिपिः—

01. माननीय कुलपति महोदय, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर को सूचनार्थ।
02. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय डी.के.एस. भवन, रायपुर को सूचनार्थ।
03. कार्यपरिषद के समस्त सम्माननीय सदस्यगणों को सूचनार्थ।
04. बस्तर विश्वविद्यालय के समस्त विभाग प्रमुखों को सूचनार्थ।

Sd/-
कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छत्तीसगढ़) की विद्या परिषद की बैठक दिनांक 30/05/2013 की कार्यवृत्त:—
(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 26)
विद्यापरिषद की बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित थे:—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रो. एन.डी.आर. चन्द्रा कुलपति | — | अध्यक्ष |
| 02 | फादर टी.जे. पॉल | — | सदस्य |
| 03 | श्रीमती एस. गौराहा | — | सदस्य |
| 04 | श्री पी. के. गौराहा | — | सदस्य |
| 05 | डॉ. एम.एल. लखनपाल | — | सदस्य |
| 06 | प्रो. बी. एन. सिन्हा | — | सदस्य |
| 07 | प्रो. आर.सी. जोशी | — | सदस्य |
| 08 | डॉ. एस.के. दत्ता | — | सदस्य |
| 09 | डॉ. शरद नेमा | — | सदस्य |
| 10 | डॉ. एस. के. कोले | — | सदस्य |
| 11 | डॉ. सरला आतराम | — | सदस्य |
| 12 | डॉ. टी.आर. रात्रे | — | सदस्य |
| 13 | डॉ. रश्मि सिंह | — | सदस्य (प्रतिनिधि) |

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर (छ.ग.) के विद्या परिषद की बैठक दिनांक 30/05/2013 को 2.30 बजे आरंभ हुआ एवं 4.30 बजे समाप्त हुई बैठक के शुरूआत में मान. कुलपति द्वारा विद्या परिषद के सभी सदस्यों के स्वागत से हुआ। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया।

<u>विषय क्रमांक 01</u>:— लाला जगदलपुरी को डी.लिट. की उपाधि प्रदान किये जाने विषयक्।

<u>विभागीय टीप</u>:—मान. राज्यपाल के अपर सचिव राजभवन, रायपुर को पत्र द्वारा परिनियम 14 के तहत् मान. महोदय से एक व्यक्ति का नाम समिति के सदस्य हेतु नामित करने बाबत् अनुरोध किया गया है

<u>निर्णय</u>:— लाला जगदलपुरी को डी.लिट की मानद उपाधि प्रदान किये जाने हेतु परिनियम 14 के तहत मान. राज्यपाल महोदय से एक व्यक्ति का नाम समिति के सदस्य हेतु नामित करने बाबत् पत्र प्रेषित किया गया है, उक्त संबंध में मान. विद्या परिषद ने सूचना ग्रहण किया।

विषय क्रमांक 02:— शहीद वीर गेंदसिंह महाविद्यालय पंखाजूर के स्व–वित्तीय योजना के अर्न्तगत एम.ए. राजनीति विज्ञान, हिन्दी साहित्य एवं डी.सी.ए. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति बाबत्।

निर्णय :— उक्त संबंध में निर्णय लिया गया कि जो भी नियमानुसार कार्यवाही आयुक्त कार्यालय द्वारा होगा, उसके आधार पर ही विश्वविद्यालय द्वारा आगे की कार्यवाही की जावेगी।

विषय क्रमांक 03:— जैव प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला के प्रयोगशाला उपकरण एंव रसायन (केमिकल) की खरीदी की अनुमति के संबध में।

निर्णय :— परिषद ने इस बात पर सहमति व्यक्त की साथ ही साथ इस बात पर जोर दिया कि प्रयोगशाला उपकरणों एवं रसायनों के समुचित रख–रखाव के लिए सुविधायुक्त प्रयोगशाला की व्यवस्था की जाए।

विषय क्रमांक 04:— विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश सीट की संख्या बढ़ाने के संबंध में।

विभागीय टीप:— वर्तमान में मात्र 25 सीट प्रवेश हेतु उपलब्ध है अतः ज्यादा अवसर स्नातकोत्तर उपाधि हेतु प्रदान कराने बाबत् सीट की संख्या-30 बढ़ाई जाये।

निर्णय:— उक्त संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सीट संख्या 30 बढ़ाई जा सकती है।

विषय क्रमांक 05:— कैरियर गाईडेंस सेल प्लेसमेंट सेल, महिला उत्पीड़न सेल की स्थापना बावत्।

विभागीय टीप:— कैरियर गाईडेंस सेल प्लेसमेंट सेल एवं महिला उत्पीड़न से की स्थापना की सर्वसम्मिति से अनुमोदित।

निर्णय :— उक्त संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया।

विषय क्रमांक 06:— समाज कार्य अध्ययनशाला द्वारा अकादमिक एवं अधोसंरचना संबंधी प्रस्ताव।

निर्णय :— अकादमिक संबंधी प्रस्तावों पर विभाग को विस्तार पूर्वक कार्यक्रम बनाने का निर्देश दिया गया। अधोसंरचना संबंधी प्रस्ताव कार्यपरिषद में रखा जायेगा।

विषय क्रमांक 07:— बस्तर विश्वविद्यालय में दो नवीन पाठ्यक्रम एम.एस.सी (सूक्ष्मजीव विज्ञान), एम.सी.ए. एवं एम.बी.ए. प्रारंभ करने हेतु 18वीं समन्वय समिति की बैठक में प्रस्ताव मान्य किया। पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृत हेतु आयुक्त, उच्च शिक्षा संचानालय पत्र 22/05/13 को भेजा गया। सूचना माननीय सदस्यों को दी जा रही है साथ ही रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में संचालित एम.एस.सी. (सूक्ष्मजीव) के पाठ्यक्रम स्वीकार कराने हेतु प्रस्ताव (संलग्न सिलेबस) आवश्यकनुसार संशोधन किया जावेगा।

निर्णय :– उपरोक्तानुसार सूचना मान. सदस्यों द्वारा ग्रहण किया गया तथा श्री रमेश जोशी, सहा. प्राध्यापक, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर द्वारा एम. कॉम इन बैंकिंग तथा एम.कॉम मैनेजमेंट विषयों को प्रस्तावित करने का सुझाव दिया गया।

विषय कमांक 08:– ग्रामीण प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला में गैर सरकारी संगठन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र (Diploma and Certificate Programme in Non Govermental Organizations Management) पाठ्यकम एवं प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव।

निर्णय :– उपरोक्तानुसार ग्रामीण प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला में गैर सरकारी संगठन प्रबंधन में डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।

## माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय

विषय कमांक 09:– लोक स्वास्थ्य, अस्पताल प्रशासन, सूक्ष्म विज्ञान व जीवसांख्यिकी, में स्नाकोत्तर पाठ्यकम उपलब्ध कराने बाबत् प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय, रायपुर की अपेक्षा बाबत्।

निर्णयः– श्री एम.के. राउत, आई.ए.एस. छ.ग. से प्राप्त पत्रानुसार पब्लिक हेल्थ एण्ड रिलेसन्स विषय प्रारंभ करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, मान. सदस्यों द्वारा सूचना ग्रहण किया गया।

विषय कमांक 10:– बस्तर विश्वविद्यालय में नवीन अनुसंधान केन्द्र Chhattisgarh Centre for Policy Research स्थापित करने का प्रस्ताव (संलग्न)

निर्णयः– छत्तीसगढ़ सेन्टर फॉर पॉलिसी के प्रस्ताव की विद्या परिषद ने भी मान. सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

विषय कमांक 11:– शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक पदो के भर्ती के संबंध में।

निर्णयः– शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए नियुक्ति संबंधी कार्यवाही के लिए विश्वविद्यालय को अधिकृत किया जाता है। सर्वसम्मति से अनुमोदित।

विषय कमांक 12:– पी.एच.डी. प्रोग्राम के तहत निम्न बिन्दुओं पर चर्चा

1- **Ph.D. Course** का निर्धारण :– निम्नलिखित कोर्स पर विश्वविद्यालय में पी.एच. डी. पाठ्यकम प्रारंभ करने हेतु निर्णय लिया गया ।

1. Anthropology & Tribal Studies
2. Economics
3. English & Cultural Studies
4. Forestry & Wild Life
5. History & Archeology
6. Hindi & Translation Studies
7. Political Science & International Studies
8. Sociology

निर्णय :– पी.एच.डी. कोर्स के लिए सभी 08 विषयों का अनुमोदन किया गया। पी.एच.डी. पाठ्यक्रमों की जिसमें 1. Research Methodology 2. Contemporary Issues Advanced Studies 3. Review of Literature, Project & presentation पाठ्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया।

2- Qualification and Eligibility for Research Supervisor/ Guide

~~निर्णय:– उक्त विषय पर मान. सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में~~ विषय विशेषज्ञों की सहायता से शोध कार्य से सम्बन्धी कार्यों को बढ़ावा देने ~~एवं शोधार्थी के हित में बस्तर जैसे पिछड़े क्षेत्र में रह रहे लोगों के उत्थान एवं~~ विकास को ध्यान में रखते हुये पी.एच.डी. निर्देशन बनने हेतु महाविद्यालय एंव विश्वविद्यालय स्तर पर 3 वर्ष की शैक्षणिक अनुभव तथा 5 शोध पत्र (ISSN No) (Research Jounal) तीन वर्षों के अवधि में प्रकाशित करा लिया जाये। अन्यथा उनकी **Guideship** स्वमेय समाप्त होगी।

3. **Fee Structure for Ph.D Programme.**

| **Semester** | **Labrary Consultancy fee (Rs)** | **Total Fee (Rs.)** |
|---|---|---|
| First | 500/- | 5000/- |
| Second | 500/- | 5000/- |
| Third | 500/- | 5000/- |
| Fourth | 500/- | 5000/- |
| Fifth | 500/- | 5000/- |
| Six | 500/- | 5000/- |
| **Total** | **3,000/-** | **30,000/-** |
| Total fee for Ph.D degree is 33,000/- (Thrity three thousand only) | | |

4. नये स्नातकोत्तर एवं डिप्लामा कार्यक्रमों के पाठ्यकमों को अंतिम रूप देने हेतु शिक्षकों एवं विषय विशेषज्ञों की सहायता लेकर पाठ्यकमों को लागू करेगी।

-sd-
कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

पृ. कमांक 4405 /ब.वि.वि. /2013 जगदलपुर दिनांक 11/06/2013

1. सचिव, कुलाधिपति कार्यालय, राजभवन रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. मान. कुलपतिजी/कुलसचिव के निज सहायक, बस्तर विश्वविद्यालय को सादर सूचनार्थ।
3. विद्या परिषद के समस्त सदस्यों को सादर सूचनार्थ।
4. बस्तर विश्वविद्यालय के समस्त शाखाओं को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ।

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर